





राजधानी में बुधवार को मोहर्रम पर ताजिए निकाले गए। इस दौरान ईरानी डेरों से मातमी जुलूस निकाला।

# जुलाई में अब तक 355 मिमी बारिश बड़ी झील का जलस्तर 1659.60 पर

भोपाल (काप्र)।

**राजधानी की लाइफ लाइन बड़ा तालाब में बुधवार दोपहर तक पानी का लेवल 1659.60 फीट पहुंच गया। दो दिन में करीब आधा फीट पानी बढ़ा है।**

कैचमेंट एरिया में तेज बारिश होने से तालाब का जलस्तर बढ़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल में अब तक 355 मिमी पानी गिर चुका है। यह कोटे का 35 प्रतिशत है। आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होने की संभावना है। ऐसे में यह आंकड़ा और भी बढ़ जाएगा। भोपाल को जुलाई महीने की एवरेज बारिश 367.7 मिमी है। 1 से 16 जुलाई तक भोपाल में 355 मिमी से ज्यादा पानी गिर चुका है। जुलाई का कोटा पूरा होने में अब 10.4 इंच पानी की और जरूरत है। पिछले 10 साल के आंकड़ों पर नजर दौड़ाए तो 10 साल में यह सबसे कम बारिश है। साल 2015 और 2022 में सबसे ज्यादा 33.6 इंच पानी गिरा था, जबकि 2020 में 6.1 इंच बारिश हुई थी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि जुलाई के दूसरे पखवाड़े में तेज बारिश का ट्रेंड है। इस बार भी ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। अब लगातार तेज बारिश हो सकती है। इससे आंकड़ा बढ़ जाएगा।

## जुलाई में 41 इंच बारिश का ओवरऑल रिकॉर्ड

बता दें कि जुलाई महीने में भोपाल में जमकर बारिश होती है। इस महीने में 1031.4 मिमी यानी 41 इंच के करीब बारिश होने का रिकॉर्ड है। यह साल 1986 को हुई थी। वहीं, 22 जुलाई 1973 को 24 घंटे में 11 इंच बारिश हुई थी। यह भी अब तक का रिकॉर्ड है। इस बार 23 जून को मानसून ने आमद दी। अब तक की स्थिति में आंकड़े बेहतर है। सामान्य से 26 प्रतिशत ज्यादा बारिश हो चुकी है।

## कोलार डेम में भी बढ़ा जलस्तर

शहर के आधे हिस्से में कोलार डैम से भी पानी की सप्लाई होती है। डैम का कुल वॉटर लेवल 1516.40 फीट है। बुधवार दोपहर तक लेवल 1482.90 फीट हो गया। डैम को फुल भरने में अभी काफी पानी की जरूरत है। कैचमेंट एरिया में तेज बारिश होने से लेवल लगातार बढ़ने लगेगा। कलियासोत डैम में अभी 1647.63 फीट और केरवा डैम में 1650.98 फीट पानी है।

# सांची दूध की कीमतों में वृद्धि का विरोध

भोपाल (काप्र)।

एमपी में सांची दूध फिर महंगा हो गया है। दूध की कीमतों में दो रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। जिससे नाराज सेमी गवर्नमेंट एम्प्लाइज फेडरेशन व अर्द्ध शासकीय अधिकारी कर्मचारी सार्वजनिक उपक्रम संघ ने वृद्धि का कड़ा विरोध जताया है। फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष अनिल बाजपेयी ने कहा कि आम जनता के दैनिक जीवन में सबसे उपयोगी दुध है, जिसकी कीमत में लगातार वृद्धि की जा रही है। आज फिर से दुध की कीमत में वृद्धि कर दी गई है। इस महंगाई में दूध की कीमतों में वृद्धि किसी भी दृष्टि से उचित नही है। जिसकी वजह से आम जनता में भारी असंतोष है। वरिष्ठ कर्मचारी नेता अनिल बाजपेयी एवं अरुण वर्मा ने दुग्ध संघ भोपाल प्रशासन से अनुरोध किया है कि दुध की कीमत वृद्धि को तत्काल वापस ले अन्यथा आम जनता आंदोलन के लिए बाध्य होगी। उल्लेखनीय है कि भोपाल में पैकड दूध में सांची की सबसे ज्यादा खपत होती है। राजधानी भोपाल में सांची दूध के बढ़े हुए दाम बुधवार से ही लागू हो जाएंगे।

# महंगे मॉडल की कीमत लेकर थमा दिया आई-20 का दूसरा मॉडल, जालसाजी का मामला दर्ज

भोपाल(काप्र)।

**पिपलानी थाना पुलिस ने कार शो रुम मालिक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला कायम किया है। फरियादी का आरोप है कि शो रुम मालिक ने पुरानी आई-20 कार नई की कीमत में थमा दी और पॉच साल बाद भी कार की आरसी बुक उन्हें नहीं दी गई।**

पुलिस के मुताबिक सहयोग विहार शाहपुरा में रहने वाले शिव ओम दुबे (58) ने लिखित शिकायत करते हुए बताया की साल 2019 में उन्होंने सुरजीत हुंडई मोटर्स, जेके रोड से एक आई-20 कार खरीदी थी। शोरूम मालिक रमेश ननवानी ने कार की डिलेवरी देते हुए पूरी रकम ले ली थी। बीएस फोर इंजन कार का दो साल का बीमा और एक अन्य सहित तीन साल का बीमा शोरूम की और से करावाया गया था। इसके लिये आरटीओ रजिस्ट्रेशन फीस भी ली गई थी। पैसै लेने और सारी जरुरी प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी उन्हें रजिस्ट्रेशन कार्ड बनाकर नहीं दिया गया। जिसके कारण उनकी कार किसी के नाम पर रजिस्टर्ड ही नहीं हो सकी। तीन साल बाद कार का बीमा खत्म हो गया जब वह बीमा कराने पहुंचे तब कंपनी ने उनसे रजिस्ट्रेशन कार्ड देने को कहा। रजिस्ट्रेशन कार्ड पाने के लिये शिव ओम ने शोरूम पर संपर्क किया तब उन्हें बताया कि शोरूम की और से कार्ड बनाने के लिये जरुरी कागजात नहीं भेजे गये जिसके चलते उनका कार्ड नहीं बन सका है। इस दौरान यह भी सामने आया की उन्होंने बीएस 6 इंजन कार लेने की बात की थी, और कीमत भी उसी कार की दी थी, लेकिन उन्हें थमाई गई कार बीएस 4 इंजन वाली थी। इसके बाद वह पिपलानी थाने पहुंचे। पुलिस ने शोरूम संचालक रमेश ननवानी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## युवक को धुना

बिलखिरिया थाना इलाके के शांति नगर में बिजली के तार पर सीधे केबल डालने की बात को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने दूसरे युवक से मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान आरोपी ने युवक को धक्का दिया जिससे उसका सिर पत्थर से टकराने से गंभीर चोट आई है। पुलिस ने बताया कि महिला कमला प्रजापति ने शिकायत में बताया कि वह गृहणी हैं। बीती शाम उनका बेटा बालाराम प्रजापति (24) घर के पास बिजली के तार पर अपने घर की केबल लगा रहा था। इस बात को लेकर वहॉं पहुंचा लक्ष्मीनारायण उनके बेटे के साथ गाली गलौज करने लगा। बालाराम ने जब लक्ष्मी नारायण का विरोध करते हुए उसे गालियां देने से मना किया तब वह गुस्सा होकर मारपीट करने लगा और इसी बीच उसने बालाराम को धक्का दे दिया। धक्का लगने से जमीन पर गिरे बालाराम का सिर पत्थर से टकराने के कारण उसे सिर में गंभीर चोट आई है।

# अंधेरे में दर्द की गोली के धोखे में खा लिया सल्फास, मौत

भोपाल(काप्र)।

**देहात क्षेत्र के रातीबढ़ थाना इलाके में एक महिला की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। बताया गया है कि रात के समय बिजली न होने के कारण महिला ने दवा के धोखे में सल्फास खा लिया था।**

जानकारी के अनुसार ग्राम मुगालिया छाप में रहने वाले राधेश्याम रात के समय पत्नि लक्ष्मी बाई (40) को इलाज के लिये नाजुक हालत में हमीदिया अस्पताल लेकर पहंचे थे। वहॉं उन्होंने डॉक्टरों को बताया कि पत्नि ने सल्फास खा लिया है। इलाज के दौरान बुधवार की सुबह उनकी पत्नि ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया है। पति राधेश्याम ने शुरुआती पूछताछ में बताया की उसकी पत्नि लक्ष्मी बाई खेतों में मजदूरी का काम करती थी। बीते दिन वह गांव में स्थित एक खेत में धान बोने के काम के बाद रात करीब 8 बजे घर आई उस समय लाइट नहीं थी। लक्ष्मी बाई के सिर काफी दर्द हो रहा था। पूछने पर उसने राधेश्याम से कहा कि वह दर्द की गोली खाकर सोना चाहती है। इसके बाद अंधेरे में उसने कमरे के कोने में रखी दर्द की गोली ढूंढनी शुरु की। लेकिन अंधेरा होने के कारण उसके हाथ दर्द की जगह उसके पास रखी सल्फास की गोली आ गई।

लक्ष्मी बाई ने अंधेरे में दर्द की समझ कर सल्फास की गोली खा ली और लेट गई। लेकिन थोड़ी देर बाद ही उसे उल्टियां होनी शुरु हो गई और उसकी हालत बिगड़ने लगी। राधेश्याम ने उससे तबीयत के बारे में पूछा और मोबाइल की टॉर्च जलाकर देखा तब उसे पता चला कि पत्नी ने दर्द की गोली के धोखे में उसके पास में रखी सल्फास की गोली खा ली है। इसके बाद वह उसे फौरन ही इलाज के लिए हॉस्पिटल लेकर पहुंचा जहां उसने दम तोड़ दिया। मामला कायम कर पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# सड़क हादसे में घायल युवक के बाद दोस्त ने भी तोड़ा दम

भोपाल(काप्र)।

परवलिया थाना बीते महिने हुए सड़क हादसे में घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में मृतक के साथी की घटना वाले दिन ही मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार ग्राम चंदेरी थाना गुनगा निवासी 34 वर्षीय वीरेंद्र मीना पुत्र शिवनारायण पेशे से खेती-किसानी करता था। बीती 14 जून को वह अपने दोस्त के साथ बाइक से जा रहा था। रात के समय इलाके में उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। घटना में उसके दोस्त की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि गंभीर रुप से घायल वीरेंद्र को इलाज के लिए चुनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। करीब एक महीने से ज्यादा चले इलाज के बाद आखिरकार बीते दिन वीरेंद्र की भी मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया है।

# चौपाटी जाने के दौरान हुआ था प्यार, युवक ने शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

भोपाल(काप्र)।

**अशोका गार्डन इलाके में रहने वाली युवती के साथ युवक द्वारा शादी का झांसा देकर शाहपुरा क्षेत्र में ले जाकर ज्यादती किये जाने की घटना प्रकाश में आई है। आरोपी ने उसका शारीरिक शोषण किया और दो साल बाद शारी करने से इंकार कर दिया।**

थाना पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 23 वर्षीय युवती ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह पढ़ाई छोड़ने के बाद घर का काम संभालती है। वह अक्सर घुमने और पसंद की चीजें खाने के लिये इलाके में बनी चौपाटी पर जाती रहती थी। इसी बीच उसकी पहचान राहुल मीना नाम के युवक से हो गई थी। जल्द ही उनके बीच दोस्ती और फिर प्रेम-प्रसंग शुरु हो गया। आरोप है कि साल 2022 में राहुल उसे घुमाने का कहकर शाहपुरा इलाके में लेकर गया था। यहां उसने एक सूने स्थान पर जर्बदस्ती उसके साथ शारीरिक संबंध बना डाले। पीड़ीता ने जब उसकी शिकायत परिवार वालो से करने की बात कही तब राहुल ने कहा कि वह जल्द ही उससे शादी कर लेगा। इसके बाद आरोपी लगातार उसका दैहिक शोषण करने लगा। बीते दिनों आरोपी का व्यवहार युवती के प्रति बदलने लगा तब युवती ने उस पर शादी का दबाव डालना शुरु किया। लेकिन राहुल ने उसके साथ शादी करने से इंकार कर दिया। युवती थाने जा पहुंची जहॉं आरोपी के खिलाफ बलात्कार का प्रकरण दर्ज कर पुलिस कार्यवाही करने में जुटी है।

# पति के दोस्त ने घर आई विवाहिता को अकेला पाकर किया दुष्कर्म

भोपाल(काप्र)।

रातीबड़ थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर उसके पति के दोस्त के खिलाफ दुष्कर्म का मामला कायम किया है। पुलिस के अनुसार थाना इलाके के एक गॉव में रहने वाली 45 वर्षीय विवाहिता ने बताया कि उसका पति मजदूरी करता है। गांव में ही रहने वाला कैलाश यादव भी मेहनत-मजदूरी करता है। एक ही गॉव में रहने और पति के साथ काम करने के चलते विवाहिता और आरोपी के परिवार के बीच करीबी संबंध है और दोनों परिवारों का एक-दूसरे के घर में आना-जाना है। विवाहिता का आरोप है कि वह किसी काम के चलते कैलाश यादव के घर गई थी। उस समय कैलाश घर पर अकेला था, उसने पहले तो उसे भीतर बुलाया और फिर घर सूना होने का फायदा उठाकर उसके साथ ज्यादती कर डाली। दुष्कर्म के बाद आरोपी ने विवाहिता को धमकाते हुए चुप रहने का कहते हुए छोड़ दिया। उसके चुंगल से निकलकर पीड़ीता अपने घर पहुॅची और पति को सारी बात बता दी। इसके बाद विवाहिता परिवार वालो के साथ थाने पहुॅची जहॉं पुलिस ने कैलाश के खिलाफ बलात्कार सहित अन्य धाराओं में मामला कायम कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

## अपना घर आश्रम में वृद्ध की मौत

पिपलानी थाना इलाके में जहॉं अपना घर आश्रम में एक वृद्ध की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। वहीं तलैया पुलिस ने हॉस्पिटल के सामने से अज्ञात महिला का शव बरामद किया है। जानकारी के अनुसार अपना घर आश्रम इंद्रपुरी में रहने वाले महावीर (65) की मंगलवार दोपहर अचानक तबीयत खराब होने लगी और वह बेसुध हो गए। उन्हें इलाज के लिये हॉस्पिटल पहुंचाया गया था, जहॉं कुछ घंटे चले इलाज के बाद उनकी मौत हो गई।

# बीएमएस 23 जुलाई को मनाएगा 70वां स्थापना दिवस, निकाली जाएगी रैली

### संघ सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले होंगे शामिल

भोपाल (काप्र)।

**भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) 23 जुलाई को अपना 70वां स्थापना दिवस मना रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले करेंगे। इस मौके पर रैली भी निकाली जाएगी।**

23 जुलाई 1955 को सिरोंजिया अग्रवाल पंचायती भवन भोपाल से शुरू हुए बीएमएस में वर्तमान में साढ़े छह हजार से अधिक मजदूर एवं अन्य संगठन शामिल हैं। यह विश्व का सबसे बड़ा मजदूर संगठन बन गया है। बीएमएस के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि स्थापना दिवस के अंतर्गत कई आयोजन होंगे। जिनकी रूपरेखा तैयार करने के लिए बैठकों का दौर चल रहा है। मुख्य आयोजन दोपहर 3:30 बजे से रवीन्द्र भवन में होगा। बीएमएस के अध्यक्ष हिरण्मय पंड्या अध्यक्षता करेंगे। संगठन के प्रदेश महामंत्री कुलदीप गुर्जर ने बताया कि भारत के सबसे बड़े मजदूर संगठन की शुरुआत भोपाल से 23 जुलाई 1955 में हुई थी। जिस स्थान पर संगठन की नीव रखी गई, उसे लोग आज अग्रवाल धर्मशाला के नाम से जानते हैं। उन्होंने बताया कि विचारक दत्तोपन्त ठेंगड़ी ने संगठन की स्थापना के लिए स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के जन्मदिन को चुना था। उस वक्त दत्तोपन्त ठेंगड़ी, अटल बिहारी

## मुख्य आयोजन दोपहर 3:30 बजे से रवीन्द्र भवन में

वाजपेयी, कुशाभाऊ ठाकरे, मानकचंद्र चौबे एवं अन्य नेताओं की भूमिका मुख्य रही थी। उन्होंने बताया कि भारत के अन्य श्रम संगठनों की तरह यह किसी संगठन के विभाजन के कारण से नहीं बना, वरन एक भारत केंद्रित विचारधारा के लोगों के सम्मिलित प्रयास का परिणाम था।

**स्पेशल खबर** डीए को लेकर कर्मचारियों में नाराजगी...

# चार प्रश डीए रोके जाने से 12 लाख कर्मचारी-पेंशनर्स नाखुश

भोपाल (काप्र)।

**केंद्रीय कर्मचारियों की तुलना में मध्य प्रदेश के अधिकारियों-कर्मचारियों को 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) कम मिल रहा है। जनवरी 2024 से इन कर्मचारियों का डीए 50 प्रतिशत हो जाना था पर अब तक सरकार स्तर पर कोई सुगबुगाहट नहीं है, जिससे कर्मचारियों की नाराजगी बढ़ती जा रही है।**

उन्हें इस बात की भी चिंता सता रही है कि ज्यादा दिन होने पर एरियर भी नहीं मिलेगा। क्योंकि सरकार तभी एरियर देती है, जब चुनाव हों और अगले दो से ढाई साल तक कोई चुनाव नहीं है। कर्मचारियों के डीए में साल में दो बार (जनवरी और जुलाई) वृद्धि की जाती है। केंद्र सरकार जनवरी 2024 में अपने कर्मचारियों का डीए 4 प्रतिशत बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर चुकी है। तय प्रक्रिया के तहत एक जुलाई 2024 से केंद्रीय कर्मचारियों का डीए फिर 3 या 4 प्रतिशत बढ़ना है। यह घोषणा इसी माह होने की संभावना है। ऐसा होने पर राज्य के कर्मचारी डीए में केंद्रीय कर्मचारियों से 8 प्रतिशत पीछे हो जाएंगे, जिसकी भरपाई फिर जल्दी नहीं होगी। इसलिए कर्मचारी लगातार डीए देने की मांग के साथ आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 7.50 लाख कर्मचारियों को जितना डीए दिया जाता है, 4.50 लाख पेंशनरों को उतनी ही महंगाई राहत दी जाती है।

## हर महीने 5640 रुपए का नुकसान

जनवरी 2024 से बढ़ा हुआ डीए और महंगाई राहत न मिलने से राज्य में कार्यरत 7.50 लाख कर्मचारी और 4.50 लाख पेंशनर्स को प्रत्येक महीने 620 से 5640 रुपए (संवर्ग और वेतनमान के हिसाब से गणना) का नुकसान हो रहा है। यदि जुलाई से मिलने वाले डीए में भी देरी होती है, तो यह राशि बढ़कर दोगुनी हो जाएगी। कर्मचारियों का तर्क है कि पहले विधानसभा और फिर विधानसभा चुनाव का बहाना कर सरकार ने डीए नहीं बढ़ाया, जबकि चुनाव होते ही महंगाई ने उड़ान भर ली है। राज्य के कर्मचारियों का डीए न बढ़ने के कई कारण है। अव्वल तो वोटरों को खुश करने के लिए शुरू की गईं योजनाओं के कारण सरकार की आर्थिक स्थिति खराब है। फिर आने वाले दिनों में कोई चुनाव भी नहीं है। आमतौर पर देखा गया है कि कर्मचारियों के हित में निर्णय तभी लिए जाते हैं, जब सरकार को उनकी जरूरत हो। फिर यह डर भी है कि 4 प्रतिशत बढ़ाते ही डीए 50 प्रतिशत हो जाएगा और छठवें वेतन आयोग की अनुशंसा के मुताबिक डीए 50 प्रतिशत होते ही मूल वेतन (वेतन) में मिला दिया जाता है और उसके आगे की गणना शून्य से शुरू होती है। फिर डीए की अगली किस्त को लेकर ज्यादा हंगामा होगा, क्योंकि यह राशि मूल वेतन में मर्ज होने के बाद कर्मचारियों के बैंक खातों में डीए के नाम पर कोई राशि नहीं आएगी।

## आयोग के गठन की भी उठेगी मांग

सरकार को कर्मचारियों का डीए 50 प्रतिशत होने और मूल वेतन में मर्ज होने के साथ ही उठने वाली आठवें वेतन आयोग के गठन की मांग का भी डर है। दरअसल, 1 जनवरी 2026 से देशभर के कर्मचारियों को आठवां वेतनमान दिया जाना है। इसे लेकर बाकायदा आयोग का गठन किया जाता है और आयोग की अनुशंसा पर सरकार निर्णय लेती है। केंद्र सरकार ने भी हाल ही में बजट सत्र में आयोग के गठन की घोषणा की है।